Roll No. ..........................

Total No. of Pages : 7

Total No. of Questions : 25

# उत्तरमध्यमा द्वितीयखण्ड वार्षिक परीक्षा—2022-23

**विषय कोड : 1215**

## मनोविज्ञान

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

---

**निर्देश :** (*i*) **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उपप्रश्न पर **1** अंक आवंटित है। कुल **32** अंक आवंटित हैं।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक **6** से **25** तक आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक **6** से **15** तक प्रत्येक प्रश्न पर **2** अंक निर्धारित हैं, उत्तर लिखने की शब्द-सीमा **30** शब्द है।

(*v*) प्रश्न क्रमांक **16** से **19** तक प्रत्येक प्रश्न पर **3** अंक निर्धारित हैं, उत्तर लिखने की शब्द-सीमा **75** शब्द है।

(*vi*) प्रश्न क्रमांक **20** से **23** तक प्रत्येक प्रश्न पर **4** अंक निर्धारित हैं, उत्तर लिखने की शब्द-सीमा **120** शब्द है।

(*vii*) प्रश्न क्रमांक **24** तथा **25** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं जिनके लिए **10-10** अंक निर्धारित हैं। उत्तर लिखने की शब्द-सीमा **200** शब्द है।

1. सही विकल्प चुनिये :

(*i*) केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र का अवयव है :

(*a*) मस्तिष्क (*b*) मेरुरज्जु या सुषुम्ना

(*c*) मस्तिष्क एवं मेरुरज्जु (*d*) मस्तिष्क एवं कपालीय तंत्रिकाएँ

(*ii*) कोहलर के अनुसार किसी समस्या का समाधान अचानक या एकाएक स्पष्ट हो जाता है, क्योंकि –

(*a*) इसमें चिंतन प्रक्रिया होती है

(*b*) यह प्रयास एवं त्रुटि पर आधारित है

(*c*) यह प्रबलन पर आधारित है

(*d*) यह उद्दीपन-अनुक्रिया संबंध है

(*iii*) स्मृति प्रक्रिया का सही क्रम है :

(*a*) अधिगम→पहचान→धारण→पुनःस्मरण

(*b*) अधिगम→धारण→पुनःस्मरण→पहचान

(*c*) पहचान→अधिगम→धारण→पुनःस्मरण

(*d*) पहचान→धारण→अधिगम→पुनःस्मरण

(*iv*) सतर्क रहने की शक्ति का नाम ही बुद्धि है–यह कथन किसका है ?

(*a*) स्टाउट (*b*) गाल्टन

(*c*) वेल्स (*d*) बिने

(*v*) दुश्चिंता का लक्षण है :

(*a*) भूख न लगना (*b*) पसीना आना

(*c*) निद्रा की कमी (*d*) ये सभी

(*vi*) संज्ञानात्मक व्यवहार निम्न चिकित्सा का प्रभावोत्पादक उपचार है :

(*a*) मलेरिया (*b*) हैजा

(*c*) दुश्चिंता (*d*) मनोविदलता

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये : 1×7=7

(a) .................... ने कुण्ठा-आक्रामकता सिद्धांत का प्रतिपादन किया है।

(b) वे दबाव जिन्हें हम अपने मन में उत्पन्न करते हैं, उन्हें .................... कहा जाता है।

(c) तनाव के धनात्मक पहलू .................... हैं।

(d) जर्मन शब्द 'गेस्टाल्ट' का अर्थ .................... है।

(e) समूह .................... का एक सम्मिलित रूप है।

(f) .................... को नियंत्रित करने की व्यावहारिक युक्तियाँ होती हैं।

(g) व्यवहार करने का अत्यधिगत ढंग .................... है।

3. सही जोड़ी बनाइये : 1×6=6

| | स्तंभ 'अ' | | स्तभ 'ब' |
|---|---|---|---|
| (a) | प्राथमिक समूह | — | शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव |
| (b) | सांख्यिकी | — | अवाचिक सम्प्रेषण |
| (c) | रक्षात्मक मनोरचनाएँ | — | अवसाद |
| (d) | भाव दशा विकार | — | प्रदत्तों का संग्रह |
| (e) | शारीरिक हावभाव | — | परिवार |
| (f) | प्रदूषण | — | दिवास्वप्न |

4. एक शब्द/एक वाक्य में उत्तर दीजिये : 1×7=7

(a) समूह कितने प्रकार के होते हैं ?

(b) 'रोर्शा' स्याही धब्बा परीक्षण में कितने कार्ड हैं ?

(c) कान का प्रमुख कार्य क्या है ?

(d) मनोग्रस्त बाध्यता विकार क्या है ?

(e) साक्षात्कार कैसी प्रक्रिया है ?

(f) सभी ऐल्कोहॉल पेय पदार्थों में क्या होता है ?

(g) दबाव कितने प्रकार के होते हैं ?

5. सत्य/असत्य लिखिये : 1×6=6

(*a*) मन:चिकित्सा लगभग 100 प्रकार की होती है।

(*b*) छवि निर्माण एक व्यवस्थित तरीके से होता है।

(*c*) नियमित रूप से घटित होने वाले व्यवहार का समग्र प्रतिरूप स्वभाव कहलाता है।

(*d*) प्रतिबल तनाव उत्पन्न करने वाला कारक है।

(*e*) सामान्य अनुकूलन संलक्षण में तीन अवस्थाएँ हैं।

(*f*) आधुनिक दबाव शोध का जनक फ्रायड को कहा जाता है।

6. बुद्धि-लब्धि क्या है ? 2

**अथवा**

बुद्धि को प्रभावित करने वाले कोई **दो** कारक लिखिये।

7. संज्ञानात्मक व्यवहार चिकित्सा क्या है ? 2

**अथवा**

अभिक्षमता क्या है ?

8. बाध्यता व्यवहार किसे कहते हैं ? 2

**अथवा**

एक प्रभावशाली परामर्शदाता की किन्हीं **दो** विशेषताओं को लिखिये।

9. मन:चिकित्सा क्या है ? 2

**अथवा**

उपचार की व्यवहार चिकित्सा विधि क्या है ?

10. अंतर-समूह द्वंद्व के क्या कारण हैं ? 2

**अथवा**

प्रदूषण के प्रभाव को समझाइये।

11. व्यवहार चिकित्सा क्या है ? 2

**अथवा**

पूर्वाग्रह का अर्थ लिखिये।

12. आत्म-सिद्धि से आप क्या समझते हैं ? 2

**अथवा**

सांवेगिक बुद्धि को परिभाषित कीजिये।

13. अनुरूपता क्या है ? स्पष्ट कीजिये। 2

**अथवा**

सकारात्मक स्वास्थ्य किसे कहते हैं ?

14. विस्मरण के किन्हीं **दो** कारणों को लिखिये। 2

**अथवा**

अधिगम अन्तरण से आप क्या समझते हैं ?

15. तादात्म्य से आप क्या समझते हैं ? 2

**अथवा**

अंतर्समूह प्रतिस्पर्धा से आप क्या समझते हैं ?

16. बुद्धि एवं ज्ञान में अंतर लिखिये। 3

**अथवा**

बुद्धि की विशेषताएँ लिखिये।

17. सामाजिक अनन्यता की व्याख्या कीजिये। 3

**अथवा**

दुर्भीति क्या है ? समझाइये।

18. सांख्यिकी के आवृत्ति वितरण के सोपान लिखिये। 3

**अथवा**

'माध्य' को परिभाषित कीजिये एवं कोई **दो** उपयोग लिखिये।

19. प्रेक्षण कौशल क्या है ? इसके कोई **तीन** गुण लिखिये। 3

**अथवा**

दुश्चिंता विकार को समझाइये।

20. मनोविदलता क्या है ? इसके लक्षण लिखिये। 4

**अथवा**

दुश्चिंता को 'पेट में तितलियों का होना' जैसी अनुभूति कहा जाता है। व्याख्या कीजिये।

21. ध्वनि प्रदूषण या कोलाहल क्या है ? इसके प्रकार लिखिये। 4

**अथवा**

पर्यावरणीय समस्याओं का मानव व्यवहार पर पड़ने वाले प्रभाव को लिखिये।

22. युंग के व्यक्तित्व प्रकारों का वर्णन कीजिये। 4

**अथवा**

असामान्य व्यवहार के मनोवैज्ञानिक कारणों का उल्लेख कीजिये।

23. व्यक्तित्व के अध्ययन के प्रमुख उपागमों की व्याख्या कीजिये। 4

**अथवा**

व्यक्तित्व के पंच-कारक मॉडल का वर्णन कीजिये।

24. दबाव के लक्षणों एवं स्रोतों का वर्णन कीजिये। 10

**अथवा**

विभिन्न जीवन कौशलों का वर्णन कीजिये। इन जीवन कौशलों से जीवन की चुनौतियों का सामना करने में किस प्रकार मदद मिलती हैं ? समझाकर लिखिये।

25. उदाहरण सहित व्याख्या कीजिये कि संज्ञानात्मक विकृति किस प्रकार घटित होती है। 10

**अथवा**

फ्रायड द्वारा प्रतिपादित व्यक्तित्व के प्राथमिक संरचनात्मक तत्व का वर्णन कीजिये।